बिहार सरकार
लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग

पत्रांक– 6/वि01–1030/15–372 (भा0)   पटना, दिनांक– 05/02/2026

सेवा में,

प्रशासनिक पदाधिकारी,
प्रशासनिक एवं वित्तीय विंग,
बिहार राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन।

विषयः–**वर्ष 2025–26 में केन्द्र प्रायोजित राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम के अंतर्गत बेगूसराय जिला के मटिहानी बहुग्रामीय पाईप जलापूर्ति योजना के निर्माण हेतु राज्यांश मद से 358.29338 लाख रूपये (तीन करोड़ अंठावन लाख उनतीस हजार तीन सौ अड़तीस रूपये) मात्र की राशि की विमुक्ति।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि केन्द्र प्रायोजित **राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम** के अंतर्गत वर्ष 2013–14 में बेगूसराय जिला के मटिहानी, बरौनी एवं बेगूसराय प्रखंडों के आर्सेनिक से प्रभावित 111 ग्रामों/बसावटों के लिए सतही जल (गंगा नदी) आधारित बहुग्रामीय पाईप जलापूर्ति योजना के निर्माण तथा पाँच वर्षों के लिए परिचालन एवं रख–रखाव हेतु योजना की प्रशासनिक स्वीकृति विभागीय ज्ञापांक–6/ज02–1020/2012–983, दिनांक–13.06.13 के द्वारा कुल रू0 19178.00 लाख (एक सौ एकानबे करोड़ अठहत्तर लाख रुपये) मात्र तथा पुनः पुनरीक्षित स्वीकृत्यादेश विभागीय पत्रांक–6ए/प्राक्क01–109/2020–972, दिनांक–28.05.2020 के द्वारा 25390.79 लाख रूपये (दो अरब तिरपन करोड़ नब्बे लाख उनासी हजार रूपये) मात्र की राशि पर प्रदान की गई है। पुनः दिनांक–30.07.2020 को विभागीय निविदा समिति की बैठक में इस योजना की पुनरीक्षित स्वीकृति कुल 27299.61838 लाख रूपये (दो अरब बहत्तर करोड़ निन्यानवें लाख एकसठ हजार आठ सौ अड़तीस रूपये) मात्र की राशि पर प्रदान की गई है। इस योजना पर होने वाले अतिरिक्त पुनरीक्षित राशि का वहन केन्द्र प्रायोजित योजना के राज्यांश मद से किया जाना है।

2. इस स्वीकृत योजना के अन्तर्गत लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल, बेगूसराय द्वारा राशि की अधियाचना की गई है। प्राप्त अधियाचना के आलोक में उक्त प्रमंडल के अंतर्गत बेगूसराय जिला के मटिहानी बहुग्रामीय पाईप जलापूर्ति योजना के निर्माण हेतु कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल बेगूसराय को बिहार राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन के पी0एल0 खाता में **NRDWP** के राज्यांश मद की उपलब्ध निधि से निम्न तालिका के अनुसार **358.29338 लाख रूपये (तीन करोड़ अंठावन लाख उनतीस हजार तीन सौ अड़तीस रूपये) मात्र** की राशि पी0एल0 खाता के माध्यम से विमुक्त करने की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

क0 स0	प्रमंडल का नाम	स्वीकृत्यादेश /एकरारनामा के अनुसार राज्यांश मद में स्वीकृत राशि (लाख रु0 में)	स्वीकृत्यादेश के अनुसार राज्यांश मद में अबतक विमुक्त राशि (लाख रु0 में)	विमुक्त राशि (लाख रु0 में)			
				सामान्य	अनुसूचित जाति	अंको में	शब्दों में
1	2	3	4	5	6	7	8
1	बेगूसराय	27299.61838	15768.53418	**300.00**	**58.29338**	**358.29338**	तीन करोड़ अंठावन लाख उनतीस हजार तीन सौ अड़तीस रूपये मात्र।

अनुरोध है कि राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम अन्तर्गत **राज्यांश मद में** कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल, **बेगूसराय** को उक्त राशि पी0एल0 खाता के माध्यम से विमुक्त की जाय।

विश्वासभाजन

(दया शंकर प्रसाद)
मुख्य अभियंता (दक्षिण बिहार)

ज्ञापांक–6/वि01–1030/15– 372(mT0) पटना, दिनांक– 05/02/2026

1. प्रतिलिपि–कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल बेगूसराय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित

i. बिहार राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन के अंतर्गत **NRDWP- राज्यांश** मद में पी0एल0 खाता के माध्यम से उक्त विमुक्त राशि से स्वीकृत योजना के कार्यान्वयन पर व्यय किया जाए।

ii. इस योजना पर होने वाला व्यय स्वीकृत योजना की राशि तक सीमित रहेगा तथा किसी भी हालत में इस राशि का व्यय अन्य मदों पर नहीं किया जायेगा।

iii. इस राशि का उपयोग शीघ्र सुनिश्चित कर व्यय की गई राशि एवं उससे कृत कार्यों के संबंध में प्रतिवेदन मुख्यालय को उपलब्ध करायेंगे।

2. प्रतिलिपि–सदस्य सचिव, कार्यकारी समिति, बिहार राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

3.प्रतिलिपि–क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग प्रक्षेत्र, भागलपुर एवं अधीक्षण अभियंता, लोक स्वास्थ्य अंचल, बेगूसराय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

4. प्रतिलिपि–मुख्य अभियंता (दक्षिणी बिहार)/अधीक्षण अभियंता (मो0)/कार्यपालक अभियंता (मो0–2)/कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य रूपांकण एवं योजना प्रमंडल संख्या–10/आई0टी0, मैनेजर/प्रशाखा पदाधिकारी–6/रोकड़पाल, बिहार राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन/कार्यवाहक सहायक प्रशाखा पदाधिकारी–6 को अतिरिक्त 2 प्रतियों सहित संचिका में रखने हेतु लो0 स्वा0 अभि0 विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

5. प्रतिलिपि–सचिव, के प्रधान आप्त सचिव लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित ।

6. प्रतिलिपि–माननीय मंत्री, के आप्त सचिव लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

(दया शंकर प्रसाद)
मुख्य अभियंता (दक्षिण बिहार)